● सुनो, पढ़ो और गाओ :

२. सब चढ़ा दो वहाँ

– डॉ. विष्णु सक्सेना

जन्म : १२ जनवरी १९५९,सहादतपुर(उ.प्र.) । **रचनाएँ :** मधुबन मिले न मिले, आस्था का शिखर, स्वर एहसासों के, खुशबू लुटाता हूँ मैं आदि । **परिचय :** विष्णु सक्सेना जी की कृतियों को विविध पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। मंचीय कवियों में आपका नाम सम्मान के साथ लिया जाता है ।

प्रस्तुत रचना में गीतकार ने हर स्थिति में दूसरों को सुख पहुँचाने, परोपकार करने एवं माता-पिता के सर्वोच्च स्थान को दर्शाया हैं।

बताओ तो सही

तुम्हें जीवन में अपने दोस्तों और पड़ोसियों से क्या प्रेरणा मिली, बताओ ।

एक दिन फूल से तितलियों ने कहा,
कैसे रहते हो खुश तुम हरेक हाल में ?
फूल बोला कि खुशबू लुटाता हूँ मैं,
जब कि रहता हूँ काँटों के जंजाल में ।।
एक दिन फूल से ....

एक दिन पेड़ से पंछियों ने कहा,
मस्त रहते हो कैसे हरेक हाल में ?
पेड़ बोला कि मिलता मुझे इसमें सुख,
बाँट देता हूँ जो फल लगे डाल में ।
एक दिन फूल से....

एक दिन ओंठ से आँख ने ये कहा,
मुस्करा कैसे लेते हो हरेक हाल में;
ओंठ बोले, ''है कोशिश किसी आँख से,
कोई आँसू न आए नये साल में ।''
एक दिन फूल से....

एक दिन मैंने पूछा सृजनहार से !
आप से भी बड़ा कौन इस काल में ?
बोले, ''माँ-बाप से है न कोई बड़ा,
सब चढ़ा दो वहाँ, जो रखा थाल में ।''
एक दिन फूल से....

LFPT2Z

❑ कविता का आदर्श पाठ प्रस्तुत करके विद्यार्थियों से सस्वर गायन कराएँ। गुट चर्चा एवं प्रश्नोत्तर के माध्यम से कविता में आए प्रमुख भावों को स्पष्ट करें । विद्यार्थी माँ द्वारा दिए गए कौन-कौन-से निर्देशों का पालन करते हैं, प्रत्येक से अलग-अलग पूछें ।

मैंने समझा

शब्द वाटिका

नए शब्द
हरेक = प्रत्येक
जंजाल = झंझट, बखेड़ा, उलझन
सृजनहार = सृष्टि निर्माता
काल = समय

खोजबीन

कृत्रिम उपग्रहों से होने वाले लाभ, उपयोग ढूँढ़ो और सुनाओ ।

सुनो तो जरा

प्रसार माध्यम से शिक्षाप्रद कार्यक्रम सुनो और सुनाओ ।

*** अपने शब्दों में लिखो :**
(क) फूल हर हाल में क्यों खुश रहता है ?
(ख) आँख ने ओठों से क्या पूछा ?

सदैव ध्यान में रखो

पेड़, पौधे, मानव, पशु, पक्षी आदि के साथ दयाभाव रखना चाहिए ।

भाषा की ओर

नीचे दिए गए वाक्य पढ़ो और उपयुक्त शब्द उचित जगह पर लिखो :

समोच्चारित भिन्नार्थक शब्द

शब्द युग्म (.........– गाँव, घूमना – ....)

कूड़ा – करकट

१. बच्चों ने मैदान पर फैला कूड़ा – करकट इकट्ठा किया ।



------ – ------

२. सेहत के लिए --------------- अच्छा होता है ।

------ – ------

४. अंतरजाल की सुविधा ----------- में उपलब्ध है ।